261-(iii)	12-III	प्राचीन शिक्षा का इतिहास एवं दर्शन (Philosophy & History of Ancient Education)					
261-(iv)	12-IV	मानवाधिकार (Human Rights)					
261-(v)	12-V	दूरस्थ शिक्षा (Distance Education)					
263		**लघु शोध प्रबन्ध (Dissertation)** लघु शोध प्रबन्ध= 150 मौखिकी= 50	**Field based research**				
271		**प्रायोगिक (Practicum)**	प्रायोगिक (Practicum)	100	04	08	160
(i)		विशिष्ट प्रकरण आधारित चयनित विषय पर व्यावहारिक कार्य।		20			
(ii)		चयनित वैकल्पिक विषय आधारित व्यावहारिक कार्य।		20			
(iii)		लक्ष्य समूह परिचर्चा एवं विमर्शी प्रतिवेदन।		20			
(iv)		पूर्व लघुशोध प्रबन्ध संगोष्ठी प्रस्तुतिकरण।		20			
(v)		सेमेस्टर आधारित अन्तर्वस्तु परक संगोष्ठी एवं पत्र-प्रस्तुति।		20			
272		**शैक्षिक गतिविधियाँ (Educational Activities)**	अनिवार्य **Compulsory**	50	2*	80% Attendance	
(i)		शैक्षिक भ्रमण					
(ii)		राष्ट्रीय या राज्य स्तरों की संगोष्ठी में पत्र प्रस्तुति					
(iii)		विशिष्ट व्याख्यान					
(iv)		सांस्कृतिक कार्यक्रम					

प्रश्नपत्र - 11 - क. I प्रारम्भिक शिक्षा में पाठ्यक्रम विकास
(Curriculum Development in Elementary Education)

कोर्स कोड = 261 क (i) कुल क्रेडिटस = 04

क्रिन्यान्वयन घण्टे = 04 घण्टे/सप्ताह कुल अंक = 100

उद्देश्य

- पाठ्यक्रम के आधारभूत तत्त्वों एवं सिद्धान्तों से अवगत कराना।
- पाठ्यक्रम विकास की चार अवस्थाओं यथा नियोजन, निर्माण, क्रियान्वयन एवं मूल्यांकन से अवगत कराना।
- प्रारम्भिक स्तर पर शिक्षा के किसी विषय पर पाठ्यक्रम निर्माण करने की दक्षता विकसित करना।
- प्रारम्भिक स्तर पर शिक्षा में प्रयुक्त पाठ्यक्रमों का राष्ट्रीय पाठ्यक्रम परिप्रेक्ष्य की अपेक्षाओं के अनुरूप मूल्यांकन करने की दक्षता विकसित करना।

75 अंक

पाठ्य–वस्तु (Content)

इकाई १ : पाठ्यक्रम एवं उसके आधार- .पाठ्यक्रम-अवधारणा, उद्देश्य, आधारभूत घटक, सिद्धान्त एवं प्रकार। प्रारम्भिक स्तर की शिक्षा हेतु प्रयुक्त प्रकार। राष्ट्रीय पाठ्यक्रम परिप्रेक्ष्य (NCF) - 2005 एवं प्रारम्भिक शिक्षा। पाठ्यक्रम के आधार-दार्शनिक, मनोवैज्ञानिक एवं सामाजिक।

इकाई २ : पाठ्यक्रम नियोजन- अभिप्राय, नियाजन के आधारभूत बिन्दु- विषय की प्रकृति, सामाजिक कारक, विकासात्मक कारक, शिक्षक सम्बन्धित कारक, संस्थागत कारक, पर्यावरणीय एवं अर्थशास्त्रीय कारक। प्रारम्भिक शिक्षा के स्तर के पाठ्यक्रम नियोजन के मुख्य कारक।

इकाई ३ : पाठ्यक्रम निर्माण प्रक्रिया- अनुदेशनात्मक उद्देश्यों का निरूपण, विषयवस्तु निर्धारण, विषयवस्तु के सापेक्षित भार का विशिष्टीकरण, शिक्षण अधिगम व्यूह रचनाओं का चयन, सन्दर्भ ग्रन्थ सामग्रियों का चयन तथा मूल्यांकन प्रक्रिया का विशिष्टीकरण। प्रारम्भिक स्तर की शिक्षा से सम्बन्धित किसी पाठ्यक्रम निर्माण पर आधारित दृष्टान्तीकरण।

इकाई ४ : पाठ्यक्रम विकास के प्रतिमान एवं क्रियान्वयन- चयनित प्रतिमान-(टाइलर प्रतिमान, ताबा प्रतिमान, सेलर और अलेक्जैन्डर, मिलर और सेलर प्रतिमान, रौजर्स प्रतिमान, ओपन क्लासरूप प्रतिमान) पाठ्यक्रम क्रियान्वयन-विषयवस्तु विश्लेषण, इकाई अभिकल्पन और उपयुक्त प्रस्तुतीकरण माध्यम।

इकाई ५ : पाठ्यक्रम मूल्यांकन (प्रारम्भिक स्तर की शिक्षा के सन्दर्भ में)- अवधारणा, सूक्ष्म एवं बृहद स्तर, विधियाँ, संरचनात्मक एवं योगात्मक मूल्यांकन के संदर्भ में पाठ्यक्रम मूल्यांकन। मानक एवं निकष संदर्भित उपागम आधारित पाठ्यक्रम मूल्यांकन। केन्द्रिय एवं राजकीय बोर्ड की प्रारम्भिक स्तर के पाठ्यक्रमों की तुलनात्मक समीक्षा।

25 अंक

सत्रीय कार्य -

1. प्रारम्भिक स्तर की शिक्षा के किसी एक विषय के उप-विषयों पर सापेक्षित भार के विशिष्टीकरण पर आधारित दत्त कार्य।
2. प्रारम्भिक स्तर की शिक्षा के किसी विषय के पाठ्यक्रम की समीक्षा पर आधारित दत्त कार्य।
3. प्रारम्भिक स्तर की शिक्षा के किसी विषय पर पाठ्यक्रम निर्माण।
4. विभिन्न शिक्षा बोर्ड के प्रारम्भिक स्तर की शिक्षा के किसी कक्षा के पाठ्यक्रम का तुलनात्मक

अध्ययन।

अध्येय ग्रन्थ–

1. पाल, हंसराज एवं पाल, राजेन्द्र, (2006) पाठ्यचर्या कल आज और कल, शिप्रा पब्लिकेशन, विकास मार्ग, दिल्ली
2. यादव सियाराम, (2008) पाठ्यक्रम विकास, अग्रवाल पब्लिकेशन आगरा -2
3. पाण्डेय, के.पी. (2006) शिक्षा में मापन एवं मूल्यांकन, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी
4. गुप्ता, एस.सी. (2001) आधुनिक मापन एवं मूल्यांकन, शारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद
5. पाठक, आर.पी. एवं भारद्वाज, अमिता पाण्डेय (2012) पाठ्यचर्या निर्देशन एवं तुलनात्मक शिक्षा, कनिष्का प्रकाशन, नई दिल्ली
6. NCF-2005, 2009, NCERT, New Delhi
7. Bhutt B.D. And Sharma, S.R., (1992) Principles of Curriculum Construction, Kanishka Publishing House, New Delhi.
8. Aggarwal, J.C., (1990) Curriculum Reforms in India, Doaba House Delhi
9. Manidi M.R. and Ravishankar S., (1984) Curriculum Development And Education Technology, Sterling Publisher, New Delhi.

प्रश्नपत्र - 11 - क II प्रारम्भिक शिक्षा में शैक्षिक प्रबन्धन एवं नेतृत्व
(Educational Management & Leadership in Elementary Education)

कोर्स कोड = 261 क (ii) — कुल क्रेडिटस = 04

क्रिन्यान्वयन घण्टे = 04 घण्टे/सप्ताह — कुल अंक = 100

उद्देश्य

- प्रारम्भिक स्तर पर शैक्षिक प्रबन्धन की नीतियों एवं सिद्धान्तों से अवगत कराना।
- शैक्षिक प्रबन्धन के कार्यों- नियोजन, संगठन, नियंत्रण, अनुश्रवण एवं समन्वय की दक्षता विकसित करना।
- प्रारम्भिक शिक्षा में गुणवत्ता प्रबन्धन की समस्याओं के प्रति संवेदनशील बनाना।

पाठ्य–वस्तु (Content) — **75 अंक**

इकाई १ : प्रारम्भिक शिक्षा में प्रबन्धन- अवधारणा, उद्देश्य, ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य, प्रक्रिया, तत्व एवं प्रबन्धन के सिद्धान्त।

इकाई २ : प्रारम्भिक शिक्षा में प्रबन्धन से सम्बन्धित प्रकार्य (विद्यालय एवं कक्षा के स्तरों पर)- नियोजन - अर्थ, प्रक्रिया एवं प्रकार , संगठन- अर्थ एवं प्रक्रिया, अनुश्रवण एवं समन्वय- प्रक्रिया एवं महत्व। प्रतिवेदन तथा बजट निर्माण- प्रक्रिया एव आवश्यकता।

इकाई ३ : प्रारम्भिक शिक्षा से सम्बन्धित संस्थाएं एवं कार्यक्रम- संस्थाएं - राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् (SCERT), जिला शैक्षिक प्रशिक्षण संस्थान (DIET), ब्लाक रिर्सोस सेंटर (BRC), क्लस्टर रिसोर्स सेंटर (CRC) के मध्य समन्वय एवं समस्याएं। कार्यक्रम- सर्व शिक्षा अभियान (SSA),

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (DPEP), राष्ट्रीय प्रारम्भिक शिक्षा मिशन (NEEM) - समस्याएं एवं उनका निहितार्थ।

इकाई ४ : प्रारम्भिक शिक्षा के प्रबन्धन में नेतृत्व- नेतृत्व की अवधारणा, शैली, नेतृत्व के प्रकार- एकतान्त्रिक, प्रजातान्त्रिक और हस्तक्षेप रहित। नेतृत्व के सिद्धान्त- परिस्थित्यात्मक एवं मैनेजिरियल ग्रिड सिद्धान्त, शैक्षिक-प्रबन्धन में सिद्धान्तों की उपयोगिता। परिस्थितिगत नेतृत्व एवं प्रभावी प्रबन्धन हेतु उपयोग।

इकाई ५ : प्रबन्धन में क्षमता संवर्द्धन- प्रारम्भिक स्तर के प्रबन्धन में प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों की क्षमता विकास के संकेतक (Performance Indicators)। मूल्यांकन के लिए प्रयुक्त प्रविधियां- स्वाच विश्लेषण (SWOC), सतत् विकास परक मूल्यांकन, केजनिंग तथा क्रियात्मक अनुसन्धान द्वारा क्षमता विकास।

सत्रीय कार्य- निम्नलिखि में से कोई दो **25 अंक**

1. विद्यालय या कक्षा आधारित स्वाट विश्लेषण एवं प्रतिवेदन।
2. प्रारम्भिक शिक्षा में सम्बन्धित किसी एक संस्था के प्रयासों/ कार्यक्रम/ अभियान की समीक्षा आधारित दत्त कार्य।
3. विद्यालय स्तरीय प्रबन्धन से सम्बन्धित संमस्याओं पर परिचर्चा एवं प्रतिवेदन निर्माण।

अध्येय ग्रन्थ–

1. सुखिया एस.पी., (1996) विद्यालय प्रशासन एवं संगठन- विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा।
2. कुदेसिया, उमेश चन्द्र, (1995) शिक्षा प्रशासन, विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा।
3. प्रसाद, केशव, (1998) विद्यालय व्यवस्था, विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा।
4. भारद्वाज, दिनेश चन्द्र, (2000) विद्यालय प्रशासन, विनोद पुस्तक भंडार, आगरा ।
5. शर्मा, देव दत्त, (2001) शैक्षिक प्रबन्धन के मूल तत्त्व, विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा।
6. जोशी, रजनी, (2000) विद्यालय प्रशासन एवं प्रबन्धन, शारदा पुस्तक भवन, इलाहबाद।
7. मुख्योपाध्याय, एम., (2003) टोटल क्वालिटी मैनेजमेण्ट इन एजूकेशनः (हिन्दी एवं अंग्रेजी) नीपा, नई दिल्ली।
8. पाठक, आर.पी., (2010) शैक्षिक प्रबन्धन, राधा प्रकाशन, अंसारी रोड, दरियागंज, नई दिल्ली।
9. Bhatnagar & Agrawal, (2005) Education Administration, Loyal Book Depot, Meerut.

प्रश्नपत्र - 11 - क III प्रारम्भिक शिक्षा में अधिगम आकलन
(Assessement of Learning in Elementary Education)

कोर्स कोड = 261 क (iii) कुल क्रेडिटस = 04

क्रिन्यान्वयन घण्टे = 04 घण्टे/सप्ताह कुल अंक = 100

उद्देश्य

- प्रारम्भिक शिक्षा में मापन, आकलन एवं मूल्यांकन की अवधारणाओं से अवगत कराना।
- प्रारम्भिक शिक्षा में संज्ञानात्मक एवं संज्ञानेत्तर योग्यताओं के आकलनार्थ उपकरणों से परिचित कराना।
- प्रारम्भिक स्तर की शिक्षा के किसी विषय हेतु उपलब्धि परीक्षण निर्माण क्षमता का विकस कराना।

- प्रारम्भिक शिक्षा में सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन के प्रारूप एवं कार्ययोजनाओं के प्रयोग की दक्षता विकसित करना।
- प्रारम्भिक शिक्षा में परीक्षा प्रणाली का राष्ट्रीय शिक्षा नीतियों के सन्दर्भ में सुधारात्मक प्रयासों को- जानना।

पाठ्य–वस्तु (Content) **75 अंक**

इकाई १ : मापन, आकलन एवं मूल्यांकन - अवधारणा, उद्देश्य, महत्व कार्य एवं अन्तर। शिक्षा में मूल्यांकन प्रक्रिया- उद्देश्यों का निर्धारण, अधिगम क्रियाओं का आयोजन एवं व्यवहार परिवर्तन। मूल्यांकन के प्रकार- निदानात्मक, संरचनात्मक एवं योगात्मक (अभिप्राय, विशेषताएं, विधियाँ एवं अन्तर)।

इकाई २ : प्रारम्भिक शिक्षा में मापन एवं आकलन के उपकरण- मापन के उपकरण एवं उनकी विशेषताएं। निष्पादन आकलन-अभिप्राय, निर्माण, प्रयोग, गुण एवं सीमाएं। पोर्टफोलियो आकलन- अभिप्राय, निर्माण, प्रयोग, गुण एवं सीमाएं।

इकाई ३ : प्रारम्भिक शिक्षा में उपलब्धि परीक्षण निर्माण- योजना बनाना, ब्लू प्रिन्ट निर्माण, प्रश्नपत्र तैयार करना, प्रशासन, परिणामों का विश्लेषण। मानक एवं निकष संदर्भित परीक्षण (NRT & CRT) - अभिप्राय, अन्तर एवं प्रारम्भिक स्तर पर अनुप्रयोग।

इकाई ४ : सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन- अवधारणा; ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य, महत्व एवं प्रकार्य। प्रारम्भिक स्तर की शिक्षा हेतु कार्ययोजनाएं। संज्ञानात्मक एवं संज्ञानेत्तर पक्षों पर आधारित सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन के प्रारूप। शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन के आधार पर प्रतिपुष्टि प्रदान करने की युक्तियाँ।

इकाई ५ : परीक्षा प्रणाली में नवाचार एवं परीक्षा सुधार- प्रारम्भिक शिक्षा में प्रचलित शिक्षा प्रणाली। नवाचार-ग्रेड प्रणाली, प्रश्न बैंक, अंक प्रणाली। परीक्षा सुधार के आयाम- लिखित, मौखिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षाओं एवं उनके संचालन व साधनों के प्रयोग में सुधार। परीक्षा सुधार के सिद्धान्त एवं उसके बाधक तत्व। राष्ट्रीय समितियों के सन्दर्भ में परीक्षा सुधार- नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP)- 1986-1992, यशपाल समिति एवं राममूर्ति समिति (प्रारम्भिक शिक्षा के सुधार के परिप्रेक्ष्य में)।

सत्रीय कार्य - निम्नलिखित में से कोई दो **25 अंक**

1. प्रारम्भिक स्तर की शिक्षा में अध्यापित किसी एक विषय पर उपलब्धि परीक्षण निर्माण।
2. प्रारम्भिक स्तर की शिक्षा में प्रयुक्त विभिन्न मापन एवं मूल्यांकन विधियों पर आधारित दत्त कार्य।
3. प्रारम्भिक स्तर के संज्ञानेत्तर पक्षों के मूल्यांकन पर आधारित परीक्षण निर्माण।

अध्येय ग्रन्थ–

1. गुप्ता, एस.पी., (2001) आधुनिक मापन एवं मूल्यांकन, शारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद।
2. अस्थाना, विपिन, (1999) मनोविज्ञान और शिक्षा में मापन एवं मूल्यांकन, विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा।
3. भार्गव, महेश, (1990) आधुनिक मनोवैज्ञानिक परीक्षण एवं मापन, भार्गव बुक डिपो, आगरा।
4. पाण्डेय, के.पी., (2006) शिक्षा में मापन एवं मूल्यांकन, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी।
5. शर्मा, आर. ए. (2002) शिक्षा मापन के मूल तत्व एवं सांख्यिकी, आर.लाल बुक डिपो, मेरठ
6. राष्ट्रिय शिक्षा नीति- 1986, 1992 का प्रतिवेदन, भारत सरकार, नई दिल्ली
7. प्रो. यशपाल समिति 1991-92 का प्रतिवेदन, भारत सरकार, नई दिल्ली

8. प्रो. राममूर्ति समिति- 1991 का प्रतिवेदन, भारत सरकार, नई दिल्ली
9. MehtaVI, First Mental Measurement Handbook for NCERT, New Delhi. The concept of Evaluation in Education, NCERT, New Delhi.
10. Edward, (1969) Technique of Attitued Scale Construcation Valkcils Felhter and Simmon Pvt. Ltd. Bombay.
11. Thorndike And Hagen , (1970) Measurement of Evaluation in Psychology and Education: Wiley Easten Pvt. Ltd., New Delhi.
12. Anastassi, (1982) Psychological Testing : Mc Millan Company, New York.
13. Bloom et.al., (1956) Taxonomy of Education Objectives, Hand Book I David Mc kay Company New Delhi.
14. Simpson, (1988) The Classification of Education Objectives, Pyschlomotor Domain Illinois Teachers of Home Economics.
15. Lindquist, Educational Measuremant, American Council on Education, Washingon, D.C, U.S.
16. Pathak, R.P. (2010) Measurement and Evaluation in Education, Pearson Publication, New Delhi
17. UGC Examination Reform: A Plan of Action-1992

प्रश्नपत्र - 11 ख - I माध्यमिक शिक्षा में पाठ्यक्रम विकास
(Curriculum Development in Secondary Education)

कोर्स कोड = 261 ख (i) कुल क्रेडिटस = 04

क्रिन्यान्वयन घण्टे = 04 घण्टे/सप्ताह कुल अंक = 100

उद्देश्य

- पाठ्यक्रम के आधारभूत तत्त्वों एवं सिद्धान्तों से अवगत कराना।
- पाठ्यक्रम विकास की चार अवस्थाओं यथा नियोजन, निर्माण, क्रियान्वयन एवं मूल्यांकन से अवगत कराना।
- माध्यमिक स्तर पर शिक्षा के किसी विषय पर पाठ्यक्रम निर्माण करने की दक्षता विकसित करना।
- माध्यमिक स्तर पर शिक्षा में प्रयुक्त पाठ्यक्रमों का राष्ट्रीय पाठ्यक्रम परिप्रेक्ष्य की अपेक्षाओं के अनुरूप मूल्यांकन करने की दक्षता विकसित करना।

पाठ्य–वस्तु (Content) 75 अंक

इकाई १ : पाठ्यक्रम एवं उसके आधार- पाठ्यक्रम-अवधारणा, उद्देश्य, आधारभूत घटक, सिद्धान्त एवं प्रकार। माध्यमिक स्तर की शिक्षा हेतु प्रयुक्त प्रकार। राष्ट्रीय पाठ्यक्रम संरचना (NCF) - 2005 एवं माध्यमिक शिक्षा। पाठ्यक्रम के आधार-दार्शनिक, मनोवैज्ञानिक एवं सामाजिक।

इकाई २ : पाठ्यक्रम नियोजन- अभिप्राय, नियोजन के आधारभूत बिन्दु- विषय की प्रकृति सामाजिक, विकासात्मक कारक, शिक्षक सम्बन्धित कारक, संस्थागत कारक, पर्यावरणीय एवं अर्थशास्त्रीय कारक। माध्यमिक शिक्षा के स्तर के पाठ्यक्रम नियोजन के मुख्य कारक।

इकाई ३ : पाठ्यक्रम निर्माण प्रक्रिया- अनुदेशनात्मक उद्देश्यों का निरूपण, विषयवस्तु निर्धारण, विषयवस्तु के सापेक्षित भार का विशिष्टीकरण, शिक्षण अधिगम व्यूह रचनाओं का चयन, सन्दर्भ ग्रन्थ सामग्रियों का चयन तथा मूल्यांकन प्रक्रिया का विशिष्टीकरण, माध्यमिक स्तर की शिक्षा से सम्बन्धित किसी पाठ्यक्रम निर्माण पर आधारित दृष्टान्तीकरण।

इकाई ४ : पाठ्यक्रम विकास के प्रतिमान एवं क्रियान्वयन- चयनित प्रतिमान-(टाइलर प्रतिमान, ताबा प्रतिमान, सेलर और अलेक्जैन्डर, मिलर और सेलर प्रतिमान, रोजर्स प्रतिमान, ओपन क्लासरूप प्रतिमान) पाठ्यक्रम क्रियान्वयन-विषयवस्तु विश्लेषण, इकाई अभिकल्पन और उपयुक्त प्रस्तुतीकरण माध्यम।

इकाई ५ : पाठ्यक्रम मूल्यांकन (माध्यमिक स्तर की शिक्षा के सन्दर्भ में)- अवधारणा, सूक्ष्म एवं बृहद स्तर, विधियाँ, संरचनात्मक एवं योगात्मक मूल्यांकन के संदर्भ में पाठ्यक्रम मूल्यांकन। मानक एवं निकष संदर्भित उपागम आधारित पाठ्यक्रम मूल्यांकन। केन्द्रियें एवं राजकीय बोर्ड की माध्यमिक स्तर के पाठ्यक्रमों की तुलनात्मक समीक्षा।

सत्रीय कार्य - **25 अंक**

1. माध्यमिक स्तर की शिक्षा के किसी एक विषय के उप-विषयों पर सापेक्षित भार के विशिष्टीकरण पर आधारित दत्त कार्य।
2. माध्यमिक स्तर की शिक्षा के किसी विषय के पाठ्यक्रम की समीक्षा पर आधारित दत्त कार्य।
3. माध्यमिक स्तर की शिक्षा के किसी विषय पर पाठ्यक्रम निर्माण।
4. विभिन्न शिक्षा बोर्ड के माध्यमिक स्तर की शिक्षा के किसी कक्षा के पाठ्यक्रम का तुलनात्मक अध्ययन आधारित दत्त कार्य।

अध्येय ग्रन्थ–

1. पाण्डेय, के.पी. (2006) शिक्षा में मापन एवं मूल्यांकन, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी
2. गुप्ता, एस.सी. (2001) आधुनिक मापन एवं मूल्यांकन, शारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद
3. पाठक, आर.पी. एवं भारद्वाज अमिता पाण्डेय (2012) पाठ्यचर्या, निर्देशन एवं तुलनात्मक शिक्षा, कनिष्का प्रकाशन, नई दिल्ली
4. पाल, हंसराज एवं पाल, राजेन्द्र, (2006) पाठ्यचर्या कल आज और कल, शिप्रा पब्लिकेशन, विकास मार्ग, दिल्ली
5. यादव सियाराम, (2008) पाठ्यक्रम विकास, अग्रवाल पब्लिकेशन आगरा -2
6. Bhutt B.D. And Sharma, S.R., (1992) Principles of Curriculum Construction, Kanishka Publishing House,New Delhi
7. Aggarwal, J.C., (1990) Curriculum Reforms in India, Doaba House Delhi
8. Manidi M.R. and Ravishankar S., (1984) Curriculum Development And Education Technology, Sterling Publisher, New Delhi.
9. NCF- 2005, 2009, NCERT, New Delhi

प्रश्नपत्र - 11 – ख II माध्यमिक शिक्षा में शैक्षिक प्रबन्धन एवं नेतृत्व
(Educational Management & Leadership in Secondary Education)

कोर्स कोड = 261ख (ii) कुल क्रेडिटस = 04
क्रिन्यान्वयन घण्टे = 04 घण्टे/सप्ताह कुल अंक = 100

उद्देश्य

- माध्यमिक स्तर पर शैक्षिक प्रबन्धन की नीतियों एवं सिद्धान्तों से अवगत कराना।
- शैक्षिक प्रबन्धन के कार्यों- नियोजन, संगठन, अनुश्रवण एवं समन्वय की दक्षता विकसित करना।
- माध्यमिक शिक्षा में गुणवत्ता प्रबन्धन की समस्याओं के प्रति संवेदनशील बनाना।

पाठ्य–वस्तु (Content) 75 अंक

इकाई १ : माध्यमिक शिक्षा में प्रबन्धन- अवधारणा, उद्देश्य, ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य, प्रक्रिया, तत्व एवं प्रबन्धन के सिद्धान्त।

इकाई २ : माध्यमिक शिक्षा में प्रबन्धन से सम्बन्धित प्रकार्य (विद्यालय एवं कक्षा के स्तरों पर)- नियोजन - अर्थ, प्रक्रिया एवं प्रकार , संगठन- अर्थ एवं प्रक्रिया, अनुश्रवण एवं समन्वय- प्रक्रिया एवं महत्व। प्रतिवेदन तथा बजट निर्माण- प्रक्रिया एंव आवश्यकता।

इकाई ३ : माध्यमिक शिक्षा से सम्बन्धित संस्थाएं एवं कार्यक्रम- राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् (NCERT), राज्य शैक्षिक अनुसंधान प्रशिक्षण संस्थान (SIERT), राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयीय शिक्षा संस्थान (NIOS), केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) राज्य शिक्षा बोर्ड (SBE) से सम्बन्धित अभियान एवं कार्यक्रम- समस्याएं एवं उनका निहितार्थ।

इकाई ४ : माध्यमिक शिक्षा के प्रबन्धन में नेतृत्व- नेतृत्व की अवधारणा, शैली, नेतृत्व के प्रकार- एकतान्त्रिक प्रजातान्त्रिक और हस्तक्षेप रहित। नेतृत्व के सिद्धान्त- परिस्थित्यात्मक एवं मैनेजिरियल ग्रिड सिद्धान्त, शैक्षिक-प्रबन्धन में सिद्धान्तों की उपयोगिता। परिस्थितिगत नेतृत्व एवं प्रभावी प्रबन्धन हेतु उपयोग।

इकाई ५ : प्रबन्धन में क्षमता संवर्द्धन- माध्यमिक स्तर के प्रबन्धन में प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों की क्षमता विकास के संकेतक (Performance Indicators)। मूल्यांकन के लिए प्रयुक्त प्रविधियां- स्वाच विश्लेषण (SWOC), सतत् विकास परक मूल्यांकन, केजनिंग तथा क्रियात्मक अनुसन्धान द्वारा क्षमता विकास।

सत्रीय कार्य- निम्नलिखित में से कोई दो **25 अंक**

1. विद्यालय या कक्षा आधारित स्वाच विश्लेषण एवं प्रतिवेदन।
2. माध्यमिक शिक्षा में सम्बन्धित किसी एक संस्था के प्रयासों/ कार्यक्रम/ अभियान की समीक्षा आधारित दत्त कार्य।
3. विद्यालय स्तरीय प्रबन्धन से सम्बन्धित समस्याओं पर परिचर्चा एवं प्रतिवेदन निर्माण।

अध्येय ग्रन्थ–

1. सुखिया एस.पी., (1996) विद्यालय प्रशासन एवं संगठन- विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा।
2. कुदेसिया, उमेश चन्द्र, (1995) शिक्षा प्रशासन, विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा।
3. प्रसाद, केशव, (1998) विद्यालय व्यवस्था, विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा।

4. भारद्वाज, दिनेश चन्द्र, (2000) विद्यालय प्रशासन, विनोद पुस्तक भंडार, आगरा ।
5. शर्मा, देव दत्त, (2001) शैक्षिक प्रबन्धन के मूल तत्व, विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा।
6. जोशी, रजनी, (2000) विद्यालय प्रशासन एवं प्रबन्धन, शारदा पुस्तक भवन, इलाहबाद।
7. मुख्योपाध्याय, एम., (2003) टोटल क्वालिटी मैनेजमेण्ट इन एजूकेशन: (हिन्दी एवं अंग्रेजी) चीपा, नई दिल्ली।
8. पाठक, आर.पी., (2010) शैक्षिक प्रबन्धन, राधा प्रकाशन, अंसारी रोड, दरियागंज, नई दिल्ली।
9. भारद्वाज, अमिता पाण्डेय (2013) विद्यालयी शिक्षा में क्रियात्मक अनुसंधान, आकांक्षा प्रकाशन, नई दिल्ली
10. Bhatnagar & Agrawal, (2005) Education Administration, Loyal Book Depot, Meerut.

प्रश्नपत्र - 11 – ख III माध्यमिक शिक्षा में अधिगम आकलन
(Assessement of Learning in Secondary Education)

कोर्स कोड = 261ख (iii)
क्रिन्यान्वयन घण्टे = 04 घण्टे/सप्ताह

कुल क्रेडिटस = 04
कुल अंक = 100

उद्देश्य

- माध्यमिक शिक्षा में मापन, आकलन एवं मूल्यांकन की अवधारणाओं से अवगत कराना।
- माध्यमिक शिक्षा में संज्ञानात्मक एवं संज्ञानेत्तर योग्यताओं के आकलनार्थ उपकरणों से परिचित कराना।
- माध्यमिक स्तर की शिक्षा के किसी विषय हेतु उपलब्धि परीक्षण निर्माण क्षमता का विकस कराना।
- माध्यमिक शिक्षा में सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन के प्रारूप एवं कार्ययोजनाओं के प्रयोग की दक्षता विकसित करना।
- माध्यमिक शिक्षा में परीक्षा प्रणाली का राष्ट्रीय शिक्षा नीतियों के सन्दर्भ में सुधारात्मक प्रयासों को जानना।

75 अंक

पाठ्य–वस्तु (Content)

इकाई १ : मापन, आकलन एवं मूल्यांकन - अवधारणा, उद्देश्य, महत्व कार्य एवं अन्तर। शिक्षा में मूल्यांकन प्रक्रिया- उद्देश्यों का निर्धारण, अधिगम क्रियाओं का आयोजन एवं व्यवहार परिवर्तन। मूल्यांकन के प्रकार- निदानात्मक, संरचनात्मक एवं योगात्मक (अभिप्राय, विशेषताएं, विधियाँ एवं अन्तर)।

इकाई २ : माध्यमिक शिक्षा में मापन एवं आकलन के उपकरण- मापन के उपकरण एवं उनकी विशेषताएं। निष्पादन आकलन-अभिप्राय, निर्माण, प्रयोग, गुण एवं सीमाएं। पोर्टफोलियो आकलन- अभिप्राय, निर्माण, प्रयोग गुण एवं सीमाएं।

इकाई ३ : माध्यमिक शिक्षा में उपलब्धि परीक्षण निर्माण- योजना बनाना, ब्लू प्रिन्ट निर्माण, प्रश्नपत्र तैयार करना, प्रशासन, परिणामों का विश्लेषण। मानक एवं निकष संदर्भित परीक्षण (NRT & CRT) - अभिप्राय, अन्तर एवं माध्यमिक स्तर पर अनुप्रयोग।

इकाई ४ : सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन- अवधारणा, ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य, महत्व एवं प्रकार्य। माध्यमिक स्तर की शिक्षा हेतु कार्ययोजनाएं। संज्ञानात्मक एवं संज्ञानेत्तर पक्षों पर आधारित सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन के प्रारूप। शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन के आधार पर प्रतिपुष्टि प्रदान करने की युक्तियाँ।

इकाई ५ : परीक्षा प्रणाली में नवाचार एवं परीक्षा सुधार- माध्यमिक शिक्षा में प्रचलित शिक्षा प्रणाली। नवाचार-ग्रेड प्रणाली, प्रश्न बैंक, अंक प्रणाली। परीक्षा सुधार के आयाम- लिखित, मौखिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षाओं एवं उनके संचालन व साधनों के प्रयोग में सुधार। परीक्षा सुधार के सिद्धान्त एवं उसके बाधक तत्व। राष्ट्रीय समितियों के सन्दर्भ में परीक्षा सुधार- नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP)- 1986-1992, माध्यमिक शिक्षा आयोग, आदि (माध्यमिक शिक्षा के सुधार के परिप्रेक्ष्य में)।

25 अंक

सत्रीय कार्य -

1. माध्यमिक स्तर की शिक्षा में अध्यापित किसी एक विषय पर उपलब्धि परीक्षण निर्माण।
2. माध्यमिक स्तर की शिक्षा में प्रयुक्त विभिन्न मापन एवं मूल्यांकन विधियों पर आधारित दत्त कार्य।
3. माध्यमिक स्तर के संज्ञानेत्तर पक्षों के मूल्यांकन पर आधारित परीक्षण निर्माण।

अध्येय ग्रन्थ–

1. गुप्ता, एस.पी., (2001) आधुनिक मापन एवं मूल्यांकन, शारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद।
2. अस्थाना, विपिन, (1999) मनोविज्ञान और शिक्षा में मापन एवं मूल्यांकन, विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा।
3. भार्गव, महेश, (1990) आधुनिक मनोवैज्ञानिक परीक्षण एवं मापन, भार्गव बुक डिपो, आगरा।
4. पाण्डेय, के.पी., (2006) शिक्षा में मापन एवं मूल्यांकन, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी।
5. शर्मा, आर. ए. (2002) शिक्षा मापन के मूल तत्व एवं सांख्यिकी, आर.लाल बुक डिपो, मेरठ।
6. राष्ट्रीय शिक्षा नीति-1986 एवं 1992 का प्रतिवेदन, भारत सरकार, नई दिल्ली।
7. माध्यमिक शिक्षा आयोग 1952-53; भारत सरकार, नई दिल्ली।
8. MehtaVI, First Mental Measurement Handbook for NCERT, New Delhi. The concept of Evaluation in Education, NCERT, New Delhi.
9. Edward, (1969) Technique of Attitued Scale Construcation Valkcils Felhter and Simmon Pvt. Ltd. Bombay.
10. Thorndike And Hagen , (1970) Measurement of Evaluation in Psychology and Education: Wiley Easten Pvt. Ltd., New Delhi.
11. Bloom et.al., (1956) Taxonomy of Education Objectives, Hand Book I David Mc kay Company New Delhi.
12. Simpson, (1988) The Classification of Education Objectives, Pyschlomotor Domain Illinois Teachers of Home Economics.
13. Ebel, (1965) Measuring Educational Achievement, Prentice Hall, New Delhi
14. Lindquist, Educational Measuremant, American Council on Education, Washingon, D.C, U.S.
15. Pathak, R.P. (2010) Measurement and Evaluation in Education, Pearson Publication, New Delhi
16. UGC Examination Reform: A Plan of Action-1992

प्रश्नपत्र - 12 - I मूल्य शिक्षा
(Value Education)

कोर्स कोड = 262 (i) कुल क्रेडिटस = 04

क्रिन्यान्वयन घण्टे = 04 घण्टे/सप्ताह कुल अंक = 100

उद्देश्य

- भारतीय संस्कृति एवं परम्परा में अधिमान्य मूल्यों की निर्धारण प्रक्रिया के प्रति संवदेनशीलता विकसित करना।
- भारतीय वाङ्मय में मूल्यों तथा मूल्य निर्धारण के मानकों का आधुनिक संदर्भ में उपयोग के प्रति अभिप्रेरित करना।
- भारतीय संविधान में निहित मूल्यों के संवर्धन हेतु आपेक्षित कौशलों का विकास करना।

पाठ्य–वस्तु (Content) 75 अंक

इकाई १ : मूल्य शिक्षा- स्वरूप, उद्देश्य तथा विकास, मानवीय मूल्यों की अवधारणा (भारतीय तथा पाश्चात्य सन्दर्भ में) आवश्यकता, उद्देश्य तथा महत्व, मूल्यपरक शिक्षा का विकास, विभिन्न आयोगों एवं समितियों की संस्तुतियाँ। मूल्यों का वर्गीकरण-शैक्षिक, संवैधानिक, सामाजिक, नैतिक तथा आध्यात्मिक मूल्य, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् (NCERT) के अनुसार मूल्य सूची, सार्वभौमिक मूल्य।

इकाई २ : मूल्यों के सोत्र- संवैधानिक सोत्र (हमारे संविधान की प्रस्ताव्रना, शिक्षा सम्बन्धी संवैधानिक प्रावधान, संविधान के माध्यम से मूल्यों का विकास) धार्मिक सोत्र (धार्मिक मूल्य, धर्म के माध्यम से मूल्यों का विकास)

इकाई ३ : नैतिक शिक्षा- भारतीय सन्दर्भ - पुरूषार्थ, पंचकोश, सत्चित् आनन्द, धार्मिक तथा नैतिक आचरण एवं आधार संहिता से तात्पर्य, राष्ट्रीय एकता के लिये नैतिक शिक्षा।

इकाई ४ : मूल्य शिक्षा की विधियाँ- परोक्ष मूल्य सूचक (लक्ष्य, आकांक्षाएं, अभिवृत्तियाँ, रूचियाँ, भावनाएं, विश्वास व दृढ धारणाएं, क्रियाएं, चिन्ताएं, बाधाएं) भाषा शिक्षण द्वारा मूल्यों की शिक्षा, प्रत्यक्ष मूल्य शिक्षण की विधियाँ - पाठ्यसहगामी क्रियाओं द्वारा मूल्यशिक्षा, मूल्य शिक्षा की एकीकरण विधियाँ- भूमिका निर्वहन विधि, अनुरूपीकरण, मूल्य स्पष्टीकरण विधि, कहानी प्रस्तुतीकरण विधि, मूल्य विश्लेषण विधि, चर्चा विधि और जीवनी पठन विधि।

इकाई ५ : राष्ट्रीय एकता के लिये मूल्य परक शिक्षा- राष्ट्रीय एकता की अवधारणा, आवश्यकता, स्वरूप, नीतियाँ एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में कठिनाइयाँ। राष्ट्रीय एकीकरण तथा अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना के विकास में मूल्यपरक शिक्षा की भूमिका। विद्यालयों के विभिन्न स्तरों के लिये मूल्य शिक्षा पाठ्यक्रम, उद्देश्य, पाठ्यवस्तु एवं चयन के नियम। पटेल समिति के सुझाव। मूल्य शिक्षा का अन्य विषयों से सम्बन्ध। वर्तमान पाठ्यक्रम में मूल्य शिक्षा का स्थान।

सत्रीय कार्य- निम्नलिखित में से कोई दो- **25 अंक**

1. विद्यालयी कार्यक्रमों एवं गतिविधियों में समाहित मूल्यों का विश्लेषण-कतिपय चयनित विद्यालयों के सन्दर्भ में।
2. भारतीय वाङ्मय में निहित मूल्यों का वर्तमान संदर्भ में निहितार्थ आधारित संगोष्ठी एवं प्रतिवेदन निर्माण।
3. विद्यालयों में प्रवर्तित क्रियाकलापों एवं गतिविधियों के अन्तर्गत मूल्यपरक दृष्टि विकसित करने के प्रयासों का व्यष्टि अध्ययन।
4. मूल्य आधारित शिविरों एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों की रूपरेखा विकसित करना।

अध्येय ग्रन्थ–

1. पाण्डेय, के.पी., (2005)शिक्षा के दार्शनिक एवं सामाजिक आधार, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी।
2. जैश्री, मूल्य, (2008) पर्यावरण और मानव अधिकार की शिक्षा ,शिप्रा प्रकाशन, द्वितीय संस्करण, नई दिल्ली।
3. गुप्त, नत्थूलाल, (2005) मूल्यपरक शिक्षा और समाज, नमन प्रकाशन, नई दिल्ली।
4. चतुर्वेदी, रश्मि, खण्डाई, हेमन्त, (2011) मूल्य शिक्षा, ए.पी. एच. पब्लिशिंग कारपोरेशन, नई दिल्ली।
5. झा, नागेन्द्र, (2012) प्राचीन एवं अर्वाचीन शिक्षा पद्धति, अभिषेक प्रकाशन, पीतमपुरा।
6. पाठक, आर.पी.,(2011) प्राचीन भारतीय शिक्षा, कनिष्का प्रकाशन, अंसारी रोड, दरियागंज,नई दिल्ली।
7. पाण्डेय, रामशकल (2005) मूल्य शिक्षा के परिप्रेक्ष्य, आर.लाल बुक डिपो, मेरठ,उ.प्र.।
8. शर्मा, आर.ए. (2002) मानव मूल्य एवं शिक्षा, आर.लाल बुक डिपो, मेरठ,उ.प्र.।
9. डागर, बी.एम. (1995) मूल्य शिक्षा, हरियाणा हिन्दी ग्रन्थ एकादमी, चंडीगढ।

प्रश्नपत्र - 12 - II योग शिक्षा
(Yoga Education)

कोर्स कोड = 262 (ii) | कुल क्रेडिटस = 04

क्रिन्यान्वयन घण्टे = 04 घण्टे/सप्ताह | कुल अंक = 100

उद्देश्य

- योगदर्शन के तत्त्वमीमांसकीय आधारों से परिचित कराना।
- शारीरिक एवं मानसिक समन्वय द्वारा आध्यात्मिक उपलब्धि में योग की प्रासंगिकता का ज्ञान कराना।
- बहु आयामी व्यक्तित्व के निर्माण में योग का सामाजिक-मनोवैज्ञानिक आधार स्पष्ट करना।
- योग की वैज्ञानिकता एवं उपशामक क्षमता का परिज्ञान कराना।

पाठ्य–वस्तु (Content) **75 अंक**

इकाई १ : योग तत्त्वमीमांसकीय आधार- पुरुष की अवधारणा, ब्राह्मण्ड की वास्तविकता। प्रकृति एवं मौलिक तत्त्व के रूप में। सर्ग की अवधारणा एवं प्रक्रिया। बुद्धि (महत) और अहंकार की अवधारणा, प्रकृति, वैयक्तिक मौलिक तत्त्व के रूप में। अहंकार एवं गुणत्रय- मन, कर्मेन्द्रियाँ और तन्मात्राएँ-ज्ञान की प्रकृति और प्राप्त करने की प्रक्रिया-प्राणायाम। योग का दर्शन, वैयक्तिक एवं सामाजिक अन्वय में संबन्ध- योग की अवधारणा, स्वस्थ और एकीकृत जीवन-यापन हेतु योग, मानव के सामाजिक-नैतिक उन्नयन हेतु योग। आध्यात्मिक विकास और जागरूकता हेतु योग।

इकाई २ : योग पद्धतियों के प्रकार-योगियों की विशेषताएँ- भारत में प्रचलित योग पद्धतियां, पतंजलि का अष्टाङ्ग योग, भगवद्गीता में ज्ञान, भक्ति और कर्म योग का स्वरूप।

इकाई ३ : योग का साधना प्रतिपद- यम-नियम-आसन-प्राणायाम-प्रत्याहार-धारणा-ध्यान और समाधि।

इकाई ४ : योग का वैज्ञानिक आधार- योग और मानसिक स्वास्थ्य। योगिक और जैविक पृष्ठपोषण। योग द्वारा उपशमन (उपचार), विभिन्न आसनों और उनके प्रभाव से शरीर और मन को स्वस्थ्य रखना। ध्यान और इसके द्वारा उपशमन (उपचार)।

इकाई ५ : योग अनुसंधान, एवं सुस्थित जीवन शैली- योगशिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान की आवश्यकता, अनुसंधान के क्षेत्र अन्तर्विद्यापरक शोध की योगशिक्षा के क्षेत्र में प्रासंगिकता।

सत्रीय कार्य- निम्नलिखित में से कोई दो- **25 अंक**

1. अष्टांग योग पद्धति की प्रांसगिकता पर आधारित समूह परिचर्चा।
2. सुस्थिर जीवन शैली जिसमें सफल संमजन एवं तनाव प्रबन्धन सम्मिलित हो को दृष्टिगत रखते हुए विशिष्ट कार्यक्रम अभिकल्पित/प्रस्तवित करना।
3. योग शिक्षा का मानसिक स्वास्थ्य में योग दान पर कार्यशाला आयोजित करना।

अध्येय ग्रन्थ–

1. पंतन्जलि योग दर्शन
2. स्वामी अद्वैतानंद - योग विचार

3. शुक्ला डॉ. - योग शिक्षा
4. सिलोडी, महेश प्रसाद (2008) योगामृतम्, मान्यता प्रकाशन, नई दिल्ली।
5. सिलोडी, महेश प्रसाद (2013) योगामृतम् एवं सिद्धान्त अभिषेक प्रकाशन, नई दिल्ली।
6. विश्नोई, उन्नति (2010) योग शिक्षा, आर.लाल बुक डिपो, मेरठ,उ.प्र.।
7. वैद्य, कुमार राजेश एवं कुमार विजय (2008) योग शिक्षा एवं शारीरिक शिक्षा, आर.लाल बुक डिपो, मेरठ,उ.प्र.।

प्रश्नपत्र - 12 - III प्राचीन शिक्षा का इतिहास एवं दर्शन
(Philosophy & History of Ancient Education)

कोर्स कोड = 262 (iii) कुल क्रेडिटस = 04

क्रिन्यान्वयन घण्टे = 04 घण्टे/सप्ताह कुल अंक = 100

उद्देश्य

- भारतीय शिक्षा के दार्शनिक एवं ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में शिक्षा की वर्तमान समस्याओं का समीक्षात्मक अवबोध विकसित कराना।
- भारतीय दर्शन में समाविष्ट पद्धतियों एवं मूल्यों का आधुनिक संदर्भ में निहितार्थों का अवलोकन करना।
- भारतीय वाङ्मय में चर्चित व्यवस्थाओं एवं मूल्यों का समीक्षात्मक अध्ययन करना।

पाठ्य–वस्तु (Content) **75 अंक**

इकाई १ : प्राचीन भारतीय शिक्षा एवं दर्शन का उद्गम और विकास- वेद, उपनिषद् एवं अन्य प्राचीन भारतीय वाङ्मय के संदर्भ में। भारतीय दर्शन-ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में विभिन्न दार्शनिक सम्प्रदायों की दृष्टि। भारतीय दर्शन की समग्र दृष्टि-वैदिक, औपनिषदिक, न्याय वैशेषिक, सांख्य योग, वेदान्त, चार्वाक जैन, तथा बौद्ध।

इकाई २ : प्राचीन भारतीय शिक्षा और आध्यात्मिकता- प्राचीन भारतीय शिक्षा के परिवर्तनशील उद्देश्य। युगानुरूप मूल्यों के साथ सम्बद्धता। प्राचीन भारतीय शिक्षा के शैक्षिक संस्कार एवं उनकी प्रासंगिकता-समावर्तन, उपनयन आदि।

इकाई ३ : प्राचीन भारतीय शिक्षा के विभिन्न आयाम- शिक्षक स्वरूप, दायित्व, शिक्षक-शिक्षार्थी सम्बन्ध, पाठ्यक्रम, शिक्षणविधि।

इकाई ४ : प्राचीन भारतीय शिक्षा में विविधता व्यावसायिक शिक्षा, स्त्री शिक्षा, कला शिक्षा, विज्ञान की शिक्षा, व्यवसायिक शिक्षा आयुर्वेद ज्योतिष एवं पौरोहित्य के विशेष सन्दर्भ में। प्राचीन भारतीय शिक्षादर्शन की सामाजिक अवधारणा-वर्णाश्रम का स्वरूप, शिक्षा पर प्रभाव (विभिन्न स्मृतियों के सन्दर्भ में)।

इकाई ५ : प्राचीन भारतीय शैक्षिक मूल्यों की वर्तमान परिस्थितियों में प्रासंगिकता- विश्व के अनेक धर्मो एवं उनके उपयोगी तत्त्वों का प्राचीनभारतीय शैक्षिकविचारधारा मे अन्तर्भाव। विश्वकल्याण एवं 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना का विकास।

सत्रीय कार्य- निम्नलिखित में से कोई दो- **25 अंक**

1. भारतीय दर्शन में परिलक्षित विषय पर संगोष्ठी आयोजित करना।(संगोष्ठी का मुख्य प्रयोजन भारतीय चिंतन में समग्रता के अर्थ को समझना।

2. उपनिषदों में वर्णित कथानकों/उपाख्यानों का संकलन करना।

3. भारतीय वाङमय में विवेचित मूल्यों की प्रांसगिकता पर आधारित कार्यशाला।

अध्येय ग्रन्थ–

1. पाठक, आर.पी.,(2010)प्राचीन भारतीय शिक्षा, कनिष्का प्रकाशन, अंसारी रोड, दरियागंज, नई दिल्ली।
2. पाठक, आर.पी, (2009)भारतीय परम्परा में शैक्षिक चिन्तन, कनिष्का प्रकाशन, अंसारी रोड, दरियागंज, नई दिल्ली।
3. झा, नगेन्द्र,(1995) वैदिक शिक्षा पद्धति एवं आधुनिक शिक्षा पद्धति, वेकटेश प्रकाशन, नई दिल्ली।
4. मिश्र, भास्कर, (1997)-शिक्षा एवं संस्कृति-नये सन्दर्भ, भावना प्रकाशन, नई दिल्ली।
5. पाठक, आर.पी, एवं भारद्वाज अमिता पाण्डेय (2013) वेदान्त शिक्षा दर्शन, कनिष्का प्रकाशन, नई दिल्ली।
6. पाण्डेय, रामशक्ल (2005) मूल्य शिक्षा के परिप्रेक्ष्य,, आर.लाल बुक डिपो, मेरठ,उ.प्र.।
7. शर्मा, आर.ए. (2002) मानव मूल्य एवं शिक्षा, आर.लाल बुक डिपो, मेरठ,उ.प्र.।

प्रश्नपत्र - 12 - IV मानवाधिकार शिक्षा
(Human Rights Education)

कोर्स कोड = 262 (iv) कुल क्रैडिटस = 04
क्रिन्यान्वयन घण्टे = 04 घण्टे/सप्ताह कुल अंक = 100

उद्देश्य

- मानवाधिकार शिक्षा की अवधारणा एवं आवश्यकता से परिचित कराना।
- भारत में मानवाधिकारों के विकास तथा संविधान में वर्णित अधिकारों का ज्ञान कराना।
- मानवाधिकार शिक्षण की विभिन्न विधियों से परिचित कराकर उनके प्रयोग में सक्षम बनाना।
- मानवाधिकार शिक्षा में विभिन्न संस्थाओं तथा संसाधनों की भूमिका से अवगत कराना।

पाठ्य–वस्तु (Content) 75 अंक

इकाई १ : मानवाधिकार शिक्षा तथा विकास- अवधारणा (भारतीय तथा पाश्चात्य सन्दर्भ में) आवश्यकता, उद्देश्य तथा महत्त्व, मानवाधिकारों का विकास। मानवाधिकार सार्वभौमिक घोषणा पत्र तथा मानवाधिकार सम्मेलन- मानवाधिकार सार्वभौमिक घोषणा पत्र में वर्णित अधिकार-समानता, शिक्षा, जीवन, स्ववंन्त्रता तथा सम्मान, आर्थिक, राजनैतिक तथा सामाजिक अधिकार, प्रमुख मानवाधिकार सम्मेलनों (conventions) का परिचय तथा उनके द्वारा किये गये मानवाधिकार संरक्षण के प्रयास।

इकाई २ : भारत में मानवाधिकार- भारत में मानवाधिकारों का विकास, ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य, संविधान में वर्णित मूलभूत अधिकार तथा नीति निर्देशक सिद्धान्त।

इकाई ३ : विशिष्ट वर्गों के मानवाधिकार - बालकों के शोषण के विरूद्ध अधिकार, अल्पसंख्यकों, महिलाओं तथा सुविधा वंचित वर्गो के अधिकार।

इकाई ४ : मानवाधिकार शिक्षण की विधियाँ तथा व्यूहरचनायें - भूमिका निर्वाह, अनुरूपण, व्यक्तिवृत्त अध्ययन, वाद-विवाद, मस्तिष्क मंथन, मूल्य स्पष्टीकरण।

इकाई ५ : भारत में मानवाधिकार के सम्बन्ध में किये गये प्रयास तथा कार्यरत विभिन्न संस्थाएं एवं संसाधन- राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, राज्य स्तरीय मानवाधिकार आयोग तथा महिला आयोग के कार्य, बालश्रम कानून आदि। अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय संस्थाएँ-यू.एन.ओ., स्वयंसेवी संस्थाएँ, जनसंचार के माध्यम, इन्टरनेट आदि।

सत्रीय कार्य- निम्नलिखित में से कोई दो- 25 अंक

1. अल्पसंख्यकों, महिलाओं तथा सुविधावंचित वर्गों में से किन्हीं एक पर परिचर्चा।
2. मानवाधिकार से आहत संवर्गो को दृष्टिगत रखते हुए व्यष्टि अध्ययन करना
3. मानवाधिकार के प्रति जागरूकता विकसित करने हेतु संगोष्ठी का आयोजन करना।

अध्येय ग्रन्थ–

1. जयश्री, (2008) मूल्य, पर्यावरण और मानवाधिकार की शिक्षा, दिल्ली, शिप्रा पब्लिकेशन।
2. शर्मा एवं माहेश्वरी (2005) मूल्य, पर्यावरण और मानवाधिकार की शिक्षा, आर.लाल बुक डिपो, मेरठ,उ.प्र.।
3. Sharma A.D.,(2007)Lahiry D., Human Rights Education in Indian Schools, Academic Excellence Publication, Delhi.
4. Waghmare B.S. (2001) Human Rights: Problems and Prospects, Kalinga Publication, Delhi.
5. Selby David, (1998) Human Rights, Cambridge University Press
6. Dhand, H, (2002) Teaching Human Rights: A Hand book for Teacher Educators, Authorspress, Bhopal.
7 Justice M. (1998) Rama Jois, Human Rights and Indian values, NCTE, New Delhi.
8. Naseema C., (2002) Human Rights Education, Kanishka Publishers, New Delhi.

प्रश्नपत्र - 12 - V दूरस्थ शिक्षा
(Distance Education)

क़ोर्स कोड = 262 (v) — कुल क्रेडिटस = 04

क्रिन्यान्वयन घण्टे = 04 घण्टे/सप्ताह — कुल अंक = 100

उद्देश्य

- दूरस्थ शिक्षा की प्रकृति और आवश्यकता से परिचित कराना।
- सूचना प्रौद्योगिकी, संचार प्रकारों एवं शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में उनके उपयोग से अवगत कराना।
- छात्र सहायता सेवाओं के विविध प्रकारों की जानकारी तथा दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से इन सेवाओं के विविध कार्यक्रमों के प्रबन्ध कौशल की योग्यता विकसित करना।
- दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों के मूल्यांकन के गुण और स्तर बढ़ाने की योग्यता प्रदान करना।

पाठ्य–वस्तु (Content) — **75 अंक**

इकाई - १ : दूरस्थ शिक्षा और इसका विकास- अवधारणा, शिक्षण-अधिगम तत्त्व, आवश्यकता, विशेषतायें, विकास। भारत में दूरस्थ शिक्षण-अधिगम पद्धति। छात्र सहायता सेवायें, दूरस्थ शिक्षा द्वारा तकनीकी एवं व्यावसायिक कार्यक्रम, महिलाओं के लिए कार्यक्रम, दूरस्थ शिक्षा और ग्रामीण विकास।

इकाई - २ : दूरस्थ हस्तक्षेपों व्यूह रचनाएँ- सूचना और संचार प्रद्योगिकी एवं उनका निहितार्थ। स्वनिर्देशित सामग्री और अभिकल्प का निर्माण। शिक्षा में इलेक्ट्रानिक माध्यम व दूरस्थ शिक्षा।

इकाई - ३ : गुणात्मकता उन्नयन एवं कार्यक्रम मूल्यांकन- दूरस्थ शिक्षा की गुणवत्ता, आश्वासन। प्रतिश्रुत दूरस्थशिक्षा के निर्माण मानक, यान्त्रिक निर्माणस्तर। कार्यक्रम मूल्यांकन।

इकाई - ४ : दूरस्थ शिक्षा में लागत विश्लेषण- सम्प्रत्यय, आवश्यकता, प्रक्रिया। दूरस्थ शिक्षा में नये आयाम, भविष्य के लिये आश्वासन।

इकाई - ५ : दूरस्थ शिक्षा एवं औपचारिक आवासीय शिक्षा में सम्बन्ध- अवधारणाएं एवं भारतीय संदर्भ में समस्याएँ। दूरस्थ शिक्षा में शोध-दूरस्थ शिक्षा से सम्बन्धित भारतीय सन्दर्भ में शोध के मुख्यबिन्दु, गुणवत्ता की दृष्टि से उनके निहितार्थ।

सत्रीय कार्य- निम्नलिखित में से कोई दो- 25 अंक

1. दूरस्थ शिक्षा में प्रविष्ट छात्रों की समस्याओं का व्यष्टि अध्ययन।
2. दूरस्थ शिक्षा के आयोजन स्तर पर केन्द्रित समस्याओं पर संगोष्ठी आयोजित करना।
3. दूरस्थ शिक्षा में गुणवत्ता के आयाम विकसित करने की दृष्टि से सूचना एवं सम्प्रेषण प्रौद्योगिकी के उपयोग विषय पर कार्यशाला आयोजित करना।

अध्येय ग्रन्थ–

1. पाठक, आर.पी.,(2010) दूरस्थ शिक्षा के विविध आयाम, पियर्सन एजुकेशन, नई दिल्ली।
2. पाण्डेय, लता (1995) दूरवर्ती शिक्षा, विश्वविद्याल प्रकाशन, वाराणसी, उ.प्र.।
3. Reddy, G. Ram, (1984) Open Education System in India, Its Place and Potential, APOU, Hyderabad
4. Sharma, R.A. (1994) : Distance Education Theory, Practice and Research, LBD, Meerut (U.P)
5. Keegan,D.J., (1985)The Foundation of Distance Education, London, Groom Helm.
6. Sharma, Madhulika, (1990)Distance Education, Concepts and Principles, kaniksha Publishers, Ansari Road, DaryaGanj, New Delhi

लघु शोध प्रबन्ध
(Dissertation)

कोर्स कोड = 263

कुल क्रेडिटस = 08
कुल अंक = 200

शिक्षाचार्य के लघुशोध प्रबन्ध हेतु
(विभागीय समिति का प्रस्ताव)

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षापरिषद् के आदेशानुसार लघुशोध प्रबन्ध का पाठ्यक्रम निरन्तरता के साथ संचालित किया जायेगा जिसमें छात्र– **प्रथम सेमेस्टर** में लघु शोध प्रबन्ध हेतु शीर्षक एवं मार्गदर्शक का चयन करेंगे। **द्वितीय सेमेस्टर** में चयनित विषय से सम्बन्धित साहित्य का सर्वेक्षण एवं लेखन कार्य करेंगे। **तृतीय सेमेस्टर** में शोध संक्षिप्तिका लेखन एवं प्रस्तुतीकरण तथा शोध उपकरण निर्माण, प्रतिदर्श चयन एवं शोध सम्बन्धित प्रदत्त संकलन कार्य करेंगे। **चतुर्थ सेमेस्टर** में शोध सम्बन्धित संकलित आधार सामग्री का विश्लेषण एवं निर्वचन कर शोध प्रबन्ध का लेखन कार्य पूर्ण करेंगे। एतदर्थ विद्यार्थी को राष्ट्र भाषा हिन्दी/संस्कृत/अंग्रेजी किसी भी माध्यम से प्रस्तुति के लिए विकल्प दिया जा सकता है जिसे प्रीसबमिशन सेमीनार के रूप में भी प्रस्तुत करना होगा। तदानुसार विभागीय समिति के द्वारा अपेक्षानुसार अनुमोदित किया जायेगा एवं इस पर मूल्यांकन हेतु कारवाई की जायेगी।

चतुर्थ सेमेस्टर में लघुशोध प्रबन्ध हेतु पाठ्यक्रमीय क्रियाएं

1. मार्गदर्शक के साथ सम्पर्क कक्षा (Contact Class) प्रतिदिन 2 घण्टे।
2. अपने शोध सम्बन्धित संकलित आधार सामग्री का संगठन एवं विश्लेषण कार्य।
3. लघुशोधप्रबन्ध का प्रस्तावित अध्यायों के रूप में लेखन कार्य।
4. प्रीसबमिशन सेमीनार (Presubmission Seminar) प्रस्तुतीकरण हेतु प्रस्ताव तैयार करना।

लघुशोध प्रबन्ध हेतु अंक वितरण

लघुशोध प्रबन्ध	=	150 अंक
मौखिकी	=	50 अंक

****